भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2067**
11 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः-उत्तर प्रदेश में तम्बाकू की खेती करने वाले किसानों को सहायता प्रदान करना**

**2067. श्री देवेश शाक्यः**
**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में तम्बाकू की खेती करने वाले किसानों की सहायता के लिए कोई विशेष योजना चला रही है;
(ख) यदि हां, तो ऐसे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और इनसे कितने किसान लाभान्वित हुए हैं;
(ग) क्या सरकार ने एटा, कासगंज और फर्रूखाबाद जैसे जिलों, जहां बड़े पैमाने पर तम्बाकू की खेती की जाती है, के किसानों के हित में कोई विशेष योजना कार्यान्वित की है; और
(घ) यदि हां, तो इस योजना का ब्यौरा क्या है और इससे किसानों को कितना लाभ हुआ है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (घ): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, देश में तम्बाकू/तम्बाकू की खेती को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्यक्रम/योजना कार्यान्वित नहीं कर रहा है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग वर्ष 2015-16 से किसानों को वैकल्पिक फसलों/फसल प्रणाली में शिफ्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उत्तर प्रदेश (तीन जिलों नामतः एटा, कासगंज और फर्रूखाबाद) सहित तम्बाकू उत्पादक राज्यों में प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फसल विविधीकरण कार्यक्रम को कार्यान्वित कर रहा है। सी.डी.पी. के तहत, तम्बाकू उत्पादक राज्यों को, किसी भी केंद्रीय प्रायोजित योजना/राज्य योजनाओं के तहत स्वीकृत लागत मानदंडों के अनुसार, तम्बाकू फसलों से वैकल्पिक कृषि/बागवानी फसलों में बदलाव के लिए उपयुक्त गतिविधियां/हस्तक्षेप करने की छूट दी गई है।

भारत सरकार पीएम-आरकेवीवाई के तहत राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं/प्राथमिकताओं के लिए राज्यों को अनुकूलता भी प्रदान कर रही है और राज्य स्तरीय मंजूरी समिति की मंजूरी से राज्य पीएम-आरकेवीवाई के तहत फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे सकते हैं।

*****